Need to set up Super Speciality Unit in Maulana Mahmadul Hussain Medical College in Shahranpur

श्री इमरान मसूद **(सहारनपुर) :** माननीय अध्यक्ष जी, आपका धन्यवाद । जनपद सहारनपुर में नेफ्रोलॉजी और ऑन्कोलॉजी विभाग से संबंधित मरीजों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है । वर्तमान में मरीजों को निकटतम चंडीगढ़ या दिल्ली जाना पड़ता है । मेरा आपसे अनुरोध है कि किसी भी योजना के अंदर इसको शामिल किया जाए, क्योंकि बेसिक इन्फ्रास्ट्रक्चर वहां पर मौजूद है । वहां पर नेफ्रोलॉजी, ऑन्कोलॉजी, आर्थोपैडिक और कार्डियक सर्जरी आदि सुविधाओं के लिए शेख-उल-हिंद मौलाना महमूद हसन मेडिकल कॉलेज में इन्फ्रास्ट्रक्चर पहले से मौजूद है । इन सुविधाओं को सम्मिलित करने के लिए आप सरकार को निर्देशित करने का काम करें कि किसी योजना में इसका समावेश किया जाए, ताकि वहां पर मरीजों को इन सुविधाओं का लाभ मिल सके ।? (व्यवधान)